NBT
नवभारत टाइम्स

गुजरात: नकली नाेट देकर खरीदा असली सोना... 1.30 करोड़ के नोटों पर गांधी बापू की जगह अनुपम खेर की तस्वीर

अहमदाबाद: गुजरात में एक नकली नोटों से जुड़े मामले में एक हैरान कर देने वाला वाकया सामने आया है। सोना खरीद की एक डील में 1.60 करोड़ रुपये की डील हुई थी। सोना लेने के लिए दिए गए 500 रुपये के नकली नोटों पर गांधी बापू की तस्वीर की जगह अनुपम तस्वीर छपी हुई थी। बैंक में जिस तरह से करंसी की गड्डियां बनाई जाती है। उसी प्रकार इन्हें व्यवस्थित तरीके से अरेंज किया गया था। इन गड्डियों की सील पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बजाए स्टार्ट बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ था। माणेक चौक के व्यापारी ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस में मामला दर्ज कराया है। नकली नोटों से जुड़े इस मामले पर अहमदाबाद पुलिस ने संज्ञान लिया है। पुलिस को संदेह है कि ठगी करने वाला गिरोह राजस्थान का हो सकता है। इन नकली नोटों पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/gujarat/ahmedabad/fraudsters-dupes-jewellers-in-2100-gram-gold-deals-with-1-30-crores-rupees-fake-currency-having-anupam-kher-photo-in-ahmedabad/articleshow/113791192.cms